पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय : भूपेन्द्र चौधरी

मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर प्रभार जनपद आगरा में किया बैठक एवं मीडिया संवाद

5 से 21 जून तक प्रदेशभर में चलाया जाएगा व्यापक जनसंपर्क अभियान, जनकल्याण शिविरों से लेकर विकास प्रदर्शनियों तक होंगे विविध आयोजन

केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को घर–घर पहुंचाने के लिए संगठन और प्रशासन मिलकर करें कार्य

लखनऊ : 04 जून, 2026

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा आगरा के प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष भारत के विकास, सुशासन, सेवा और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुए हैं। इन वर्षों में गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर जनसामान्य तक लाभ पहुंचाया गया है।

नवीन सर्किट हाउस सभागार आगरा में आयोजित समीक्षा बैठक एवं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक प्रदेशभर में "सेवा, सुशासन, संस्कार एवं सम्मान" अभियान चलाया जाएगा। अभियान के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक स्तर पर जनता तक पहुंचाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि संगठन एवं प्रशासन के समन्वित प्रयासों से यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे। सभी जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को योजनाओं से जोड़ने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं।

05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत व्यापक वृक्षारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित होंगे।

08 जून से 14 जून तक जनसंपर्क एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इसी अवधि में "सरकार आपके द्वार" अभियान के तहत जनसमस्या समाधान शिविर भी लगाए जाएंगे। 11 जून से 14 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को व्यापक रूप से साझा किया जाएगा।

14 जून से 16 जून तक जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का आयोजन होगा, जहां आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध कराया जाएगा। 16 एवं 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन आयोजित होंगे, जिनमें शिक्षाविदों, चिकित्सकों, उद्यमियों एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा।

17 जून से 20 जून तक विकास प्रदर्शनियों के माध्यम से प्रदेश में आधारभूत संरचना, औद्योगिक निवेश, सांस्कृतिक धरोहर, कानून–व्यवस्था तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती एवं कृषि नवाचारों पर विशेष कार्यशालाएं आयोजित कर किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ खेती के प्रति जागरूक किया जाएगा।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि चौपालों का आयोजन कर जनशिकायतों का निस्तारण किया जाएगा तथा स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण लक्ष्य से अधिक पौधरोपण, मलिन बस्तियों में विशेष स्वच्छता अभियान, जनचौपालों का आयोजन तथा योजनाओं की शत–प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। यह अभियान जनभागीदारी को सशक्त बनाने और विकास की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

बैठक में केंद्रीय मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल, सांसद राजकुमार चाहर, विधायकगण, जनप्रतिनिधि सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे

राम यतन/05:20 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in